## खबर संक्षेप

### युवती के साथ 2.85 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीरबाबा बजरंग नगर में एक महिला के साथ लाखों रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने पीड़िता को झांसे में लेकर करीब 2.85 लाख रुपये की राशि पार कर दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता प्रिया दुबे 38 वर्ष निवासी पीरबाबा बजरंग नगर ने पुलिस को बताया कि 26 जनवरी से 29 जनवरी 2026 के बीच अज्ञात मोबाइल धारकों ने उनसे संपर्क किया। आरोपियों ने उन्हें ऑनलाइन पेमेंट करने के बहाने अपने जाल में फंसाया और अलग-अलग किश्तों में कुल 2,85,000 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए। जब पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ, तो उन्होंने रविवार की शाम थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने एफआईआर में दो अज्ञात मोबाइल नंबरों को आरोपी बनाया है। जिन नंबरों से धोखाधड़ी की गई वे नंबर यूनाइटेड किंगडम के बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में ये नंबर विदेशी या वर्चुअल नंबर प्रतीत हो रहे हैं, जिनका उपयोग साइबर अपराधी अक्सर पहचान छुपाने के लिए करते हैं।

### तलवार लेकर घूम रहा था नाबालिग, पुलिस ने पकड़ा

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने मनोरंजन गृह रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे एक नाबालिग को तलवार के साथ गिरफ्तार किया है। 1 फरवरी की शाम करीब 5:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि खिरहनी फाटक स्थित मनोरंजन गृह ओवर ब्रिज के नीचे एक युवक हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और संदेही को हिरासत में लिया जो 16 वर्षीय नाबालिग निकला। आरोपी के कब्जे से 01 लोहे की धारदार तलवार जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25 आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### वार्ड स्तर पर जल सुनवाई का आयोजन आज

**कटनी।** जल संबंधी समस्याओं पर सुनवाई करने नगर निगम द्वारा मंगलवार 3 फरवरी को प्रत्येक वार्ड स्तर पर जल सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने जल प्रदाय शाखा के अधिकारियों को वार्ड स्तरीय जल सुनवाई के दौरान नागरिकों की जलापूर्ति से संबंधित समस्याओं के आवेदनों पर सुनवाई करते हुए शीघ्रता से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा नागरिकगण जल सुनवाई के दौरान अपने घरों में सप्लाई किये जा रहे पेयजल का नमूना भी साथ में लाकर गुणवत्ता का परीक्षण करा सकेंगे। उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक, वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक के लिए 12:30 बजे से 2:30 बजे तक तथा वार्ड क्रमांक 31 से 45 तक के लिए जल सुनवाई का आयोजन दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। जलप्रदाय शाखा के अधिकारी, प्रशिक्षित कर्मचारी एवं फील्ड स्टाफ मौजूद रहेंगे।

### बनवारी मिनरल्स नामक कम्पनी में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग ने की कार्रवाई

# संयुक्त कार्यवाही से मचा हड़कंपः अवैध खनन पर पोकलेन मशीन सहित 9 वाहन किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

जिले की खनिज संपदा की मानो लूट मची की है। चोरी छिपे तो कहीं सेटिंग से बेरोकटोक उत्खनन कर मोटी कमाई की जा रही है। बंद पड़ी खदानों में चोरी छिपे तो लीज वाली खदानों में स्वीकृति एरिया से कई गुना अधिक का उत्खनन किया जा रहा है। बहोरीबंद क्षेत्र में लीज स्वीकृति मिलने से पहले ही बड़े पैमाने पर खनिज का दोहन किया जा रहा था। जानकारी लगने पर संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए वाहन जब्त किये गये।

जानकारी के अनुसार बहोरीबंद तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भटगवां के पास पडरेही में संचालित बनवारी मिनरल्स नामक कम्पनी में सोमवार को खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई हैं।

बताया गया कि राजेंद्र गुप्ता के नाम से खनिज विभाग द्वारा लीज स्वीकृत की गई थी। राजेंद्र गुप्ता नामक व्यक्ति की मृत्यु लगभग 2 वर्ष पूर्व हो चुकी हैं। इसके बावजूद इसके चोरी छिपे बड़ी मात्रा में उत्खनन कार्य





किया जा रहा था। सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा ने बताया कि राजेंद्र गुप्ता के नाम से लगभग वर्ष 2015 में लीज स्वीकृत की गई थी मृत्यु उपरांत उनकी पत्नि के नाम से लीज स्वीकृत किये जाने की प्रक्रिया लंबित हैं, इसके बाद भी बगैर लीज ट्रांसफ़र हुए अवैध उत्खनन कार्य कर परिवहन कार्य किया जा रहा था।

#### इन वाहनों को किया जब्त

संयुक्त कार्यवाही के दौरान प्रशासन ने मोके पर एक पोकलेन मशीन,परिवहन में लगे ट्रक क्रमांक एम एच 40 सीडी 3829, एमपी 21 एच 1945, एमपी 21 एच 1944, एन एल 01 एबी 9310, एन एल 01 एबी 2734, एचआर 73 बी 5900,एम एच 40 सीडी 8329, एमएच 30 ऐऐ 9292, एम एच 40 बीजी 8333 को जप्त कर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। कार्यवाही के दौरान एसडीएम राकेश चौरसिया, एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, खनिज असिस्टेंट कमल कांत परस्ते, तहसीलदार आकाश दीप नामदेव,नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव,थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश सुमन सहित पुलिस स्टॉफ मौजूद रहा।



## स्कूल के प्रसाधन कक्ष में करंट लगने से छात्र की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़गांव स्थित शासकीय स्कूल में एक छात्र को करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहम कुशवाहा पिता खुशीलाल कुशवाहा 14 वर्ष रोज़ की तरह सुबह करीब 9 बजे स्कूल के लिए निकला था। स्कूल पहुंचने के बाद वह लघुशंका के लिए परिसर में बने प्रसाधन कक्ष गया, जहां कथित रूप से वह विद्युत करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्कूल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद छात्र को बड़गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां फिलहाल उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार छात्र की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, लेकिन वह निगरानी में है। घायल छात्र के परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद स्कूल प्रबंधन ने छात्र को स्वयं अस्पताल नहीं पहुंचाया, बल्कि केवल परिजनों को सूचना दी गई। इसके बाद परिजन ही छात्र को लेकर अस्पताल पहुंचे। परिजनों का यह भी आरोप है कि यदि समय पर स्कूल प्रबंधन जिम्मेदारी निभाता, तो स्थिति और बेहतर तरीके से संभाली जा सकती थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्कूल परिसर की विद्युत व्यवस्था, प्रसाधन कक्ष की स्थिति और घटना के समय मौजूद कर्मचारियों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है।



## नम भूमि दिवस पर विद्यार्थियों को कराया गया भ्रमण, दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 2 फरवरी को विश्व नम भूमि दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेंकट कटनी में अचला इको क्लब के विद्यार्थियों को विद्यालय के आसपास के जल स्त्रोत नदी आदि का भ्रमण कराया गया एवं इको क्लब प्रभारी श्रीमती अपर्णा पाठक द्वारा नम भूमि की अनिवार्यता तथा उसके लाभ के बारे में छात्रों को समझाया गया नदी के आसपास पहले गंदगी को साफ करने हेतु छात्रों को प्रेरित किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य प्रकाश नारायण द्विवेदी के आदेश अनुसार एवं श्रीमती तबस्सुम अफरोज के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में शिक्षिका लक्ष्मी पटेल एवं व्यायाम शिक्षक ओम सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### निगम कार्यालय में जनसुनवाई आज महापौर आवेदनों पर करेंगी सुनवाई

**कटनी।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से महापौर श्रीमती सूरी द्वारा किए गए नवाचार के तहत मंगलवार 3 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नगर निगम के मेयर इन काउंसिल कक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान महापौर श्रीमती सूरी स्वयं उपस्थित रहकर नागरिकों के आवेदनों, शिकायतों एवं सुझावों पर सुनवाई करेंगी तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश देंगी। इस पहल से नागरिकों को सीधे अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा और प्रशासनिक पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि विगत मंगलवार 27 जनवरी को आयोजित प्रथम महापौर जनसुनवाई के दौरान पहुंचे 26 आवेदकों के आवेदनों पर सुनवाई की जाकर 9 आवेदनों का तत्काल निराकरण किए जाने पर संबंधित आवेदकों द्वारा निगम प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया था। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे 3 फरवरी को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में निर्धारित समय पर निगम कार्यालय पहुंचे, तथा अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेज साथ लाएं।

### कलश शोभायात्रा के साथ श्रीराम महायज्ञ हुआ प्रारंभ



उमरियापान के टोला रोड स्थित बावली धाम हनुमान मंदिर परिसर में श्रीराम महायज्ञ की शुरुआत सोमवार को कलश शोभायात्रा के साथ हुई। भगवान श्रीरामचंद्र की कृपा, हनुमान महाराज की अध्यक्षता एवं संत श्री बनवारीदास महाराज, सीताशरण महाराज और कौशिल्या दास जी महाराज के सानिध्य में यह महायज्ञ 2 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित है। बावली धाम मंदिर से प्रारंभ हुई कलश शोभायात्रा बस स्टैंड, झंडा चौक, बड़ी माई मंदिर, सन्यासी महाराज, अथैया मंदिर, कटरा बाजार सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई यज्ञ स्थल पहुँची। बैंड-बाजों के साथ निकली शोभायात्रा में महिलाएं और युवतियां सिर पर कलश लेकर चलती रहीं, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। शोभायात्रा के दौरान यज्ञाचार्य श्री ज्ञान जी महाराज, यजमान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीणजन एवं धर्मप्रेमी नागरिकों ने सहभागिता की।

## चारपहिया वाहन से तस्करी, 1 लाख 44 हजार रूपए कीमत की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी जोरों से चल रही है। शराब तस्करों को पकड़ने में पुलिस को भी कभी कभार सफलता मिल जाती है। इसी क्रम में माधवनगर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्यवाही की है। पुलिस ने हीरा ढाबा के पीछे से एक स्विफ्ट डिजायर कार से भारी मात्रा में देशी मसाला शराब ले जाई जा रही थी।

पुलिस के मुताबिक 1 फरवरी की रात लगभग 08:40 बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गुलवारा स्थित हीरा ढाबा के पीछे अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस ने एक सिल्वर ग्रे



रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक MP 21 CB 2116 को रोका। तलाशी लेने पर कार के अंदर खाखी रंग के 24 कार्टून बरामद हुए। इन कार्टूनों में कुल 1200 पाव देशी मसाला शराब प्रत्येक पाव 180 एमएल भरी हुई थी। जब्त की शराब की कीमत कुल 1 लाख 44 हजार की बताई जा रही है। इसके अलावा स्विफ्ट डिजायर कार की कीमत लगभग 7 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने कार चालक अंकुश राठौर और उसके एक अन्य साथी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि शराब कहाँ से लाई जा रही थी और इसे कहाँ खपाने की तैयारी थी।

### विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को किया जायेगा प्रोत्साहित

**स्लीमनाबाद।** शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं उनका मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह नेक कार्य जिला पंचायत सदस्य सोनू पप्पू मिश्रा के द्वारा किया जा रहा है। यह प्रतिभा सम्मान समारोह जिला पंचायत क्षेत्र स्तरीय रहेगा!जिला पंचायत सदस्य सोनू पप्पू मिश्रा का जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 है।

जिला पंचायत सदस्य सोनू पप्पू मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि इस समारोह के माध्यम से उन छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन एवं प्रतिभा से क्षेत्र/ग्राम/जिले का नाम रोशन किया है। प्रतिभाओं का सम्मान न केवल उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि अन्य युवाओं को भी प्रेरणा प्रदान करता है।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

समारोह के दौरान चयनित प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं सम्मान प्रदान किया जाएगा।विशेष रुप से कक्षा 10 वी मे 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी 3100 रूपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी!इसी तरह 12 वी कक्षा मै 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 5100 रुपिए एवं 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले को 2100रूपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी, ताकि छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचाना जा सके और उनके अंदर उत्साह को भरा जा सके।

## युवाओं ने सीखे उद्यमिता एवं रोजगार के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय के मार्गदर्शन में 6 जनवरी से 31 जनवरी तक 20 दिवसीय व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्यमिता विकास केंद्र म.प्र सेडमैप कटनी के जिला समन्वयक द्वारा आयोजित किया गया । ये कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार आयोजित हुआ।

उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य स्टडी के दौरान ही छात्र छात्राओं को स्वरोजगार/रोजगार एवं उद्यमिता से जुड़े विषयों के साथ सही प्रारूप में बनाना,मॉक इंटरव्यू प्रतियोगी परीक्षाओं की गणित रीजनिंग व्यक्तित्व विकास और आवश्यक कौशल इस के अतिरिक्त उद्यम स्थापना की प्रक्रिया एवं विभिन्न चरणों की जानकारी दी ।इस कार्यक्रम में 35 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त किया।



प्रशिक्षण के दौरान प्राचार्य डॉ सरिता पांडेय प्राचार्य के मुख्य आतिथ्य और अध्यक्षता में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस दौरान स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रीत नेगी, डॉ पूनम पांडेय, शैलेन्द्र जाट,बालेंदु उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक उद्यमिता विकास केंद्र म प्र सेडमैप कटनी ने किया। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत सोमवार को समापन समारोह में 35 छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।इस दौरान डॉ किरण खरादी, डॉ प्रीत नेगी, डॉ प्रीति यादव, डॉ भारती यादव, अंजना पांडेय सहित महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

### व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में खेल की अहम भूमिका

# निवार ने पौनिया टीम को हराकर जीता बिचुआ क्रिकेट कप का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर,प्राकृतिक हरियाली एवं धार्मिक आस्था के केंद्र भगवान वीरभद्र धाम से सुशोभित ग्राम बिचुआ में प्रतिवर्ष की भाँति आयोजित होने वाला क्षेत्र का विशाल एवं भव्य बिचुआ क्रिकेट टूर्नामेंट इस वर्ष भी खेल प्रेमियों के लिए यादगार बन गया।फाइनल मुकाबले में निवार टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पौनिया टीम को पराजित कर बिचुआ क्रिकेट कप पर कब्जा जमाया। इस रोमांचक फाइनल मैच को देखने के लिए हजारों दर्शक, खेल प्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे और विराट आयोजन के साक्षी बने।



फाइनल मैच के मुख्य अतिथि बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह रहे। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य अखिल पांडेय एवं युवा नेता यश पाठक की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक आकर्षक एवं प्रेरणादायी बना दिया।आयोजन समिति द्वारा निर्धारित पुरस्कार स्वरूप विजेता टीम को 51,000 एवं उपविजेता टीम को 25,000, साथ ही कप एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। विधायक श्री सिंह ने कहा कि "खेल आपसी एकता, अनुशासन, भाईचारे एवं सतत प्रयास की भावना को मजबूत करता है। खेल हमें संघर्ष करना और आगे बढ़ना सिखाता है।

यश पाठक ने उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि "खेल जीवन का अभिन्न अंग है। इससे न केवल शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है, बल्कि राष्ट्रीय भावना भी सुदृढ़ होती है। व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण में खेल की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है।"उन्होंने मनोरम प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस भव्य टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु आयोजन समिति को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

जिला पंचायत सदस्य अखिल पांडेय ने कहा कि "प्रतिभाएँ प्रतियोगिताओं से ही निकलती हैं। खेल हमें आगे बढ़ने, प्रतिस्पर्धा करने और सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा देता है। अब ग्रामीण अंचलों में भी सुविधायुक्त एवं बड़े स्तर के आयोजन होने से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिल रहा है।

फाइनल मैच में मंडल अध्यक्ष नितिन पांडेय, बिचुआ, भनपुरा-2, पौनिया, शाहपुर, टेढ़ी के सम्मानित सरपंचगण, प्रशांत कोका शुक्ला, राकेश यादव, कर्मचारी कल्याण कोष जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय, रमेश पांडेय, अशोक मिश्रा, रामनारायण तिवारी, जगदीश हल्दकार, अबध बिहारी मिश्रा, सहित ग्राम के वरिष्ठजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का सफल संचालन ग्राम के ही रमाशंकर 'राजू' तिवारी द्वारा किया गया।

इस विशाल, भव्य एवं सफल क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन हेतु आयोजन समिति के संयोजक एवं उच्च स्तरीय सुरक्षा संस्थान डीआईएस ग्रुप के संचालक दीपेंद्र 'दीपू' मिश्रा, तथा समिति सदस्य बबलू पटेल, शम्भु दत्त तिवारी, दुर्गेश सरवारी, प्रदीप तिवारी, रविकांत प्यासी, रेणु गुप्ता सहित समस्त सदस्यों ने आभार व्यक्त किया।

## मोटर साईकिल चोरी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मोटर साइकिल चोरी करने वाले दो बदमाशों को रीठी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया व उप पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी रीठी मोहम्मद शाहिद के नेतृत्व में की गई। बाइक चोरी करने वाले आरोपीयों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

पुलिस के अनुसार 31 जनवरी को प्रार्थी रामजस तिवारी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 29/01/26 को मेरी मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 21 एम जे 5364 घर



के पास खडी थी जो किसी अज्ञात चोर चोरी करके ले गये हैं। शिकायत पर धारा 303(2) बीएनएस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पतासाजी के दौरान 1 जनवरी को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मुहांस में दो लोग चोरी की मोटर साईकिल बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक की गई एवं स्वतंत्र साथियों के समक्ष गनेश साहू पिता राजू साहू 19 साल निवासी रैपुरा एवं पुष्पराज सिंह पिता लाखन सिंह 20 साल निवासी रैपुरा थाना से मोटर साईकिल के बारे में पूछने पर उक्त मोटर साईकिल चोरी कर विक्रय करने के आशय से खरीददारों से संपर्क करने हेतु ग्राम मुहांस में आना बताया। उक्त मोटर साईकिल को पुलिस द्वारा जप्त किया जाकर कब्जे में लिया गया तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी रीठी निरी. मोहम्मद शाहिद, उप निरीक्षक विनोद पटेल, एएसआई प्रजापति, प्रधान आरक्षक अजय मेहरा, आरक्षक ज्ञानेंद्र, अमन, विजय, नितेश दुबे का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### अखंड पाठ के बाद हवन पूजन व भंडारे का आयोजन

**कटनी।** आधार काप में हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 31 जनवरी शनिवार और 1 फरवरी रविवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाणी सेवा श्री रंगनाथ भजन परिवार कटनी के तत्वावधान में 31 जनवरी को प्रातः 10 बजे से पूजन पाठ एवं संगीतमय अखण्ड मानस पाठ आरंभ किया गया। इस दौरान समधुर भजनों की शानदार प्रस्तुति में महिलाएं, युवतियां और बच्चे झूमते रहे। इसी कड़ी में 1 फरवरी रविवार को पूजन अर्चन एवं हवन के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जो कि दोपहर 1 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चलता रहा। दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित किया। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रिय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### सम्मान समारोह में छात्र छात्राओं को किया पुरस्कृत

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नीतकोत्तफर महाविद्यालय कटनी में इपकों क्लब के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योत्स्ना आथ्या द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेयी ने विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए। साथ ही कॉलेज में उत्पादित मशरूम का वितरण भी प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को किया गया। प्राचार्य डॉ. वाजपेयी ने विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कम लागत में अधिक लाभ देने वाला, शीघ्र उन्नति करने वाला व्यवसाय है, जो युवाओं के लिए स्वरोजगार का प्रभावी माध्यम बन सकता है। कार्यक्रम में डॉ. माधुरी गर्ग, डॉ. नाहिद सिद्दकी, डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी, डॉ. आर. पी. सिंह सहित वनस्पति विज्ञान विभाग के प्राध्यापकगण डॉ. ज्ञानेन्द्र मोहन श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. शिवनंदन एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शैक्षणिक एवं सामाजिक दृष्टि से विशेष महत्व रहा। इससे विद्यार्थियों में व्यावसायिक कौशल का विकास होगा और वे आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बन सकेंगे। विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि वे केवल रोजगार प्राप्त करने वाले ही नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले उद्यमी भी बन सकते हैं।

### हर्षोल्लास से मनाई गई संत रविदास जयंती



**बड़वारा।** भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी काशीराम के द्वारा संत शिरोमणि रविदास की जयंती एवं महारैली का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से चलकर गुरु रविदास प्रेमी शामिल हो गई । सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें एवं गुरु रविदास जी की अमृत विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जिस तरह गुरुजी ने अपने जीवन में सभी को समानता और भाईचारे के लिए प्रेरित किया। इस तरह का विचार सभी ने समाज को एकत्रित होने के लिए रखें । कार्यक्रम की अध्यक्षता भीम आर्मी के कटनी जिला उपाध्यक्ष जय सूर्यवंशी के द्वारा की गई जो भीम आर्मी के उपाध्यक्ष है। कार्यक्रम में नागेंद्र अहिरवार, अरविंद सिंह, राम सूर्यवंशी, चंद्रभान बौद्ध, बृजभान श्रीवास, अनिल दिवान,प्रीतम, अंग्रेज सिंह, विपुल,साजनदास, राजेश, बबलू, दीपक ,सुनील,कन्हैया मौर्य,मोहन,राम खिलावन,करन, अनुज, आदि मौजूद रहे।

## छात्रावासीय बच्चियों का कौशल प्रदर्शन के नाम पर व्यावसायिक प्रदर्शन

# कौशल प्रतियोगिता में व्यवसायी युवती को छात्रावासी बताकर दिया प्रथम पुरस्कार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जिला शिक्षा केंद्र कटनी द्वारा संचालित जिले भर के छात्रावासों में रह रही छात्रवासी बच्चियों के विशेष कौशल को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए गत दिवस अंतर छात्रवासीय सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक कौशल प्रतियोगिता का आयोजन नगर निगम कटनी ऑडिटोरियम में किया गया। प्रतियोगिता जब खत्म हुई तो पहाड़ी छात्रावास के नाम पर प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली एक युवती को प्रथम पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता समाप्त होने के कुछ देर बाद ही प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा वहां मौजूद सभी को अपने प्रतिष्ठान का कार्ड बांटने लगी। कार्ड देखकर सब हैरान थे। आखिर एक व्यवसाई को छात्रा बताकर शामिल कराया कैसे गया, क्या यह अन्य छात्रावासों से आई छात्राओं के साथ छलावा नहीं। इस दौरान वहां मुड़वारा विधायक संदीप जयसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जिला पंचायत सीईओ हरमनप्रीत कौर सहित जिले के अन्य अधिकारी एवं गणमान्यजन सहित सभी छात्रावासों से



आए बच्चे और कर्मचारी मौजूद थे।

### आयोजन पर एक नजर

31 जनवरी 2026 को नगर निगम कटनी ऑडिटोरियम में जिला शिक्षा केंद्र कटनी के द्वारा जिला स्तरीय अंतर छात्रवासीय सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक कौशल प्रतियोगिता तथा निपुण शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रावास की बच्चियों को खुद के द्वारा तैयार किए गए व्यंजन प्रस्तुत करने थे। यहां पर विभिन्न छात्रावासों से आई बच्चियों के व्यंजनों को चेक कर उन्हें पुरस्कृत करने के लिए दो जज भी नियुक्त थे। प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पहाड़ी से आई युवती अमीषा जैन को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। बताया जाता है कि जिस अमीषा जैन को कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पहाड़ी का नेतृत्व करते हुए प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया दरअसल वह जैन स्वादिष्ट नाश्ता नामक कोई व्यवसाय संचालित करती है। प्रतियोगिता समापन के बाद उक्त युवती ने खुद अपने प्रतिष्ठान के कार्ड वहां पर मौजूद जजों एवं अन्य लोगों को वितरित किए।

जिला शिक्षा केंद्र के जिम्मेदार अधिकारियों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पहाड़ी वार्डन की मिली भगत ने अन्य छात्रावासों से अपने कौशल का प्रदर्शन करने आई छात्राओं के साथ खुलेआम छलावा किया। विधायक, भाजपा जिला अध्यक्ष, जिला पंचायत सीईओ की मौजूदगी में छात्राओं के साथ इस तरह छल हुआ और किसी ने कुछ नहीं कहा। बात जब सामने आ गई तो अधिकारी प्रथम पुरस्कार पाने वाली युवती को पहाड़ी छात्रावास की ट्रेनर बताकर बचने का प्रयास करने लगे।

### इनका कहना है

इस संबंध में डीपीसी प्रेम नारायण तिवारी से फोन पर बात की तो उन्होंने कहा की मुझे इस मामले में विशेष जानकारी नहीं है। कुछ देर बाद दोबारा फोन कर कर उन्होंने कहा कि जिस अमीषा जैन की आप बात कर रहे हैं वह छात्रावास पहाड़ी की ट्रेनर है। पुरस्कार पहाड़ी छात्रावास को दिया गया है। अगर इस तरह की कोई गड़बड़ी हुई है तो कार्यवाही की जाएगी।

वहीं एपीसी प्रतिभा गर्ग से बात की तो पहले तो वे अमीषा जैन नाम की किसी भी लड़की के प्रथम स्थान प्राप्त करने से इंकार करती रही, लेकिन बाद में उन्होंने यह कहा कि मुझे बहुत ज्यादा जानकारी नहीं है, पता करके मैं आपको अवगत कराती हूं।



## विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने दिया जा रहा तकनीकी प्रशिक्षण

### जैविक खेती का दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जैविक खेती को गति प्रदान करने के लिए मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए नई शिक्षा नीति के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा के तहत स्नातक स्तर पर शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ जैविक खेती को पाठ्यक्रम में जोड़ा गया।

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में प्राचार्या डॉक्टर सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षणसमन्वयक डॉ प्रीति नेगी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती के प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यार्थियों को कम लागत जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत फसल चक्र मिश्रित खेतीअंतर फसल पद्धति तथा बहु फसल कृषि पद्धति तथा नगदी फसलों को लगाकर कृषि के साथ अतिरिक्त आय प्राप्त करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

फसल चक्र के अंतर्गत फसलों को हेर फेर कर बोने एक दलीय फसलों के बाद दो दलीय फसलों को बोने की जानकारी दी गई। दो दलीयफसलों की जड़ों में ग्रंथियां पाई जाती है इन ग्रंथियां में राइजोबियम सूक्ष्मजीवाणु पाए जाते हैं जिनके द्वारा वायुमंडल की नाइट्रोजन को जड़ों की ग्रंथियां में एकत्रित करने से पौधों को नाइट्रोजन उर्वरक प्राप्त होती है जिससे एक तिहाई नाइट्रोजन उर्वरक कम देना पड़ता है। जिससे खेती की लागत में कमी आती है तथा बाजार पर निर्भरता कम होती है।

## ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने कलेक्टर की पहल

# ग्रामीणों के बीच पहुंचकर कलेक्टर आज बड़वारा में करेंगे जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। इसके लिए कलेक्टर स्वयं विकासखंड मुख्यालय पर पहुंच कर जनसमस्याओं और शिकायतों से रू-ब-रू होंगे और उनके निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। कलेक्टर श्री तिवारी मंगलवार 3 फरवरी को प्रातः 11 बजे से जनपद पंचायत बड़वारा में आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित रहेंगे।

जारी कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार 3 फरवरी को जनपद पंचायत बड़वारा में और मंगलवार 10 फरवरी को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक जनपद स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जायेगी।

जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इस अभिनव पहल के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर श्री तिवारी सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी, एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके लिए कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी की उपस्थिति के लिए विधिवत निर्देश भी प्रदान किया है। जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद सभी विभागों के जिला अधिकारी अपने विभाग की संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के मैदानी क्रियान्वयन का जायजा लेंगे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने इस जनसुनवाई कार्यक्रम के आयोजन के लिये संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को समन्वय अधिकारी जबकि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया है कि इस जनसुनवाई के साथ-साथ जिला स्तर से चयनित आवेदन, शिकायतों में लोक सेवा गारंटी अधिनियम, सीएमहेल्पलाईन में 50 दिवस से अधिक समय की लंबित आवेदन, शिकायतों का रैंडमली चयन किया जाकर सुनवाई की जावेगी। सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि तय दिवसों में किसी भी स्थिति में समक्ष में अनुमति लिये बिना जनसुनवाई कार्यक्रम से कोई भी जिला अधिकारी अनुपस्थित नहीं रहेंगें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जनसुनवाई में समस्त जिला प्रमुखों, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, तहसीलदार, थाना प्रभारी, वन क्षेत्रपाल एवं समस्त विकासखण्ड अधिकारी तथा अन्य को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रह कर लोगों की समस्याएं और शिकायतों को सुनेंगे।

## ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की दी जानकारी



मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड ढीमरखेड़ा के सेक्टर सिलौंड़ी अंतर्गत प्रस्फुटन ग्राम मुखास में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत ग्राम विकास पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने अभियान के उद्देश्य बताते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति एवं साइबर अपराधों से बचाव को लेकर जागरूक किया इसके पश्चात पारंपरिक खेलकूद एवं ग्रामोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए ।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी, सरपंच द्रोपती बाई, भद्दे सिंह मरावी, धर्मेन्द्र सिंह, जय सिंह, सेक्टर प्रभारी विकास हल्दकार, परामर्शदाता मुकेश वरकड़े, सत्येंद्र सिंह, समिति अध्यक्ष बहादुर सिंह, सचिव सुरेश सिंह, पंचायत सचिव रामचन्द्र यादव, तितरा सिंह, गौतम सिंह, राजकुमार, छोटी बाई, मदन सिंह, सीएमसीएलडीपी छात्र सलेमती सिंह, सविता सिंह, बसंत सिंह, मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# रैली निकालकर स्वयं सेवकों ने दिया पर्यावरण एवं जल संरक्षण सहित जैविक खेती का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, प्रियंका तोमर एवं डॉ रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सलैया सिहोरा में संचालित हो रहा है। शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच उपसरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, अब्दुल बारी, कैश अंसारी, पुष्पलता विश्वकर्मा, दीपक मिश्रा, शंकर सिंह, दीपक प्रजापति, स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संचालित हो रहा है।

शिविर के प्रातः काल सर्वप्रथम जागरण, परेड, व्यायाम, योग एवं स्वल्पाहार करने के पश्चात



परियोजना कार्य में वेटलैंड दिवस के अवसर पर रैली निकालकर हम सब ने यह ठाना है पर्यावरण को बचाना है, जल ही जीवन है, जल है तो कल हैं, सांसे हो रही हैं कम, आओ पेड़ लगाये हम, प्रकृति के दुश्मन तीन, पाउच पन्नी पॉलिथीन आदि नारों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। बौद्धिक परिचर्चा में जैविक खेती के विषय विशेषज्ञ श्री रामानुज पटेल तथा महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण के लिये स्वयंसेवकों तथा ग्रामवासियों का मार्गदर्शन किया गया। साथ ही प्रतिदिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतिया दी गई।

कार्यक्रम में कन्हैया कुमार विश्वकर्मा, मनोज चौधरी, सौरभ सिंह, रावेंद्र साकेत, स्वयंसेवक एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## जनपद पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को दी जानकारी

# किसानों को वितरित किए गए स्प्रिंकलर सेट, सूक्ष्म सिंचाई विधि अपनाने के लिए किया गया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

कैमोर एवं अमेहटा सीमेंट प्लांट के आस पास के किसानों को कम पानी में खेती करने हेतु अदाणी फाउंडेशन द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है। अदाणी फाउंडेशन की क्लस्टर सी.एस.आर. हेड ऐनेट एफ विश्वास के मार्गदर्शन में एक एकड़ हेतु सूक्ष्म सिंचाई संयंत्रों (ड्रिप और स्प्रिंकलर) पर अदाणी फाउंडेशन द्वारा स्प्रिंकलर में 25% और ड्रिप में 50% की मदद कर रहा है। विगत वर्षों में करीब 200 किसानों तक अदाणी फाउंडेशन ने स्प्रिंकलर उपलब्ध कराए है।

विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के अतिथि विजयराघवगढ़ जनपद सीईओ ब्रतेश जैन और नगर परिषद अध्यक्ष



श्रीमती राजेश्वरी दुबे के हाथों करीब 50 किसानों को स्प्रिंकलर सेट उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अदाणी फाउंडेशन से पंकज द्विवेदी ने बताया कि 200 किसानों को मार्च माह तक ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई संयंत्र के माध्यम से अदाणी फाउंडेशन मदद करने के लिए तत्पर है।भूमिगत जल स्तर में कमी और वर्षा के दिनों में कमी से किसान को खेती करने के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पाता जब किसान ड्रिप और स्प्रिंकलर से सिंचाई करते है तो उसी उपलब्ध जल से 2 अतिरिक्त सिंचाई कर पाते है जो रबी की फसल की उत्पादकता और गर्मी के दिनों में सब्जी से आमदनी बढ़ाने का माध्यम बन सकता है, इसलिए अदाणी फाउंडेशन द्वारा सभी किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

सीईओ-जनपद ब्रतेश जैन ने अदाणी फाउंडेशन को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना को जमीन तक जरूरतमंद किसानों के लिए सुनिश्चित करने साथ ही 'एक बगिया मां के नाम' योजना में ड्रिप संयंत्र देने की स्वीकृति देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई संयंत्र के माध्यम से सिंचाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।अदाणी फाउंडेशन से अमित सोनी ने उपस्थित किसान भाइयों को अदाणी फाउंडेशन द्वारा स्थापित कैमोर कृषि उद्यमी किसान उत्पाद संगठन से जुड़कर खेती से ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाने के लिए प्रोत्साहित किया; साथ ही प्राकृतिक खेती हेतु प्रोत्साहन हेतु झिरिया में संचालित जैव संसाधन केंद्र की सुविधाओं के बारे में बताया।

## शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश

# अवैध कालोनी पर कार्यवाही, अब तक 9 कालोनाइजर पर एफआइआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने निगम कार्यालय में सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के लंबित प्रकरणों एवं शासकीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिक योजनाओं एवं नगर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक के दौरान उपायुक्त शैलेष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, अंशुमान सिंह, असित खरे राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

संकल्प से समाधान अभियान को दें गति

निगमायुक्त द्वारा संकल्प से



समाधान अभियान की समीक्षा के दौरान प्राप्त कुल आवेदनों की समीक्षा कर दल प्रभारियों को अभियान में रूचि लेकर डोर टू डोर नागरिकों से संपर्क कर आवेदनों प्राप्त करने में गति लाने तथा पी.एम.स्वनिधि योजना सहित निगम के माध्यम से संचालित अन्य शासकीय योजनाओं के आवेदन लिये जाकर पात्र नागरिकों को लाभान्वित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

### अवैध कॉलोनी के प्रकरणों पर कार्यवाही जारी

निगमायुक्त द्वारा नगर की अवैध कॉलोनियों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की दौरान कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि अब तक 9 कॉलोनाइजर के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। जिसपर निगमायुक्त द्वारा प्रत्येक उपयंत्री को वार्डो की सतत निगरानी करनें तथा अवैध कॉलोनाइजर के अन्य शेष प्रकरणों पर भी नियमानुसार एफआईआर की कार्यवाही प्रस्तावित करने हेतु निर्देशित किया गया।

### अधिकारियों के निर्देश

बैठक के दौरान विगत माह आयोजित कर्मचारी समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा कर फरवरी माह में आयोजित शिविर के पूर्व शेष प्रकरणों का निराकरण कराने के निर्देश उपायुक्त श्री गुप्ता को दिए। वहीं जनसुरक्षा के मद्देनजर फायर एन.ओ.सी सर्टिफिकेट प्राप्त नहीं करने वालों को नोटिस जारी करने तथा फायर सेफ्टी हेतु नगर के घने स्थलों का चयन कर प्रति सप्ताह मॉक ड्रिल करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

निगमायुक्त ने बैठक के दौरान आईएचएसडीपी योजना के भवन आवंटन के लंबित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करनें सहित प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, ई- आफिस, ई-नगर पालिका, फिश पार्लर, नगर की सफाई व्यवस्था, डेयरी विस्थापन कार्यवाही की प्रगति, जलकर वसूली, राजस्व वूसली, न्यायालयीन प्रकरणों, सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित प्रकरणों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनहित से जुड़े कार्यों में संवेदनशीलता और तत्परता से कार्यवाही करनें के निर्देश दिए।



## संत बनवारीदास का तुलादान

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

समीपी ग्राम धौरेशर स्थित खेर माई प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा चल रही हैं। कथा व्यास जबलपुर के प्रसिद्ध विद्वान डॉ. दिनेश द्विवेदी प्रतिदिन भगवान श्रीकृष्ण की कथा का रसपान कराकर श्रद्धालुओं को धर्म और संस्कृति का संदेश दे रहे हैं। कथा के दौरान भरभरा आश्रम के संत श्री श्री 1008 श्री बनवारीदास महाराज का तुलादान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़वारा विधानसभा के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह एवं जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने संत बनवारीदास महाराज को लड्डुओं से तौला। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने संत महाराज का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तुलादान एवं कथा आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया और जयकारों से पूरा प्रांगण गूंज उठा। इस मौके पर यजमान उधव दास गर्ग, सुदामा गर्ग, वेदप्रकाश गर्ग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीणजन एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

## युवा संगम रोजगार मेला 9 फरवरी को

**दमोह।** जिला प्रशासन के निर्देशों के तहत 09 फरवरी दिन सोमवार को नोहलेश्वर मंदिर प्रांगण ग्राम नोहटा तहसील जबेरा जिला दमोह मध्यप्रदेश में निशुल्क निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा रोजगार के अवसर उपलब्ध करानें /स्वारोजगार योजनाओं की जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से प्रातः 11 बजे से रोजगार, स्वारोजगार एवं अप्रेन्टिस के अवसर उपलब्ध कराने हेतु पूर्णतः निशुल्क युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें संभावित कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा रोजगार के अवसर/ स्वारोजगार योजनाओं की जानकारी प्रदान कराये जावेगी एवं आई.टी.आई के सभी ट्रेडो से पास आवेदकों के लिये विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती की जायेगी जिनकी शैक्षणिक योग्यता 5, 8, 10वी, 12वी स्नातक, आई.टी.आई / पालीटेक्निक डिप्लोमा कोई भी ट्रेड से उत्तीर्ण एवं आयु सीमा 18 से 40 वर्ष हो वे अपने समस्त प्रमाण पत्रों बायोडाटा एवं समग्र, आई.डी. के साथ उपस्थित होकर लाभ ले सकते है। जिला रोजगार अधिकारी एलपी लड़यि ने कहा कम्पनी द्वारा भर्ती कम्पनी के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही की जायेगी इसमें उपस्थित होने हेतु किसी भी प्रकार का व्यय देय नहीं होगा मेले में उपस्थित होने के पूर्व पंप्लेट/फलैक्स पर दिये गये क्यू.आर कोड से अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करें ।

### उपविजेता रही सागर शुक्रवारी को बुरी तरह धूल चटाई ; गाजे बाजे, घोड़ा बग्गी, अश्व पर सवार हो पहुंचे अतिथि मैदान

# एसएसके शाहपुर ने किया ट्रॉफी पर कब्जा

**विजेता टीम को 51000, उपविजेता को 25000 विशाल ट्रॉफी दे अतिथियों ने किया पुरस्कृत मैच प्रेमियों की अपार भीड़ के बीच मैच का हुआ समापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह





राजा नल की देवनगरी की पावन धरा पर आयोजित नल दमयंती क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन मैच आज धूमधाम पूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। अतिथि देवो भवः की परंपरा को चरितार्थ करते हुए आमंत्रित अतिथियों को डीजे, ढोल नगाड़ों, बग्गी और अश्वों पर सवार होकर बजरंग आश्रम बस स्टैंड से ग्राम में विशाल जुलूस के साथ, आमंत्रित अतिथि एवं एडी क्लब के पदाधिकारी दोनों टीमों के साथ टूर्नामेंट ग्राउंड पहुंचे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में अतिथियों ने पिच पर लाइनअप दोनों टीमों से परिचय लिया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के बाद टॉस किया गया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत एडी क्लब के सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि गौरव पटेल प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष, अंकुश खटीक विधायक प्रतिनिधि, लक्ष्मण तिवारी भाजपा विधानसभा संयोजक, भरत राय विश्व हिंदू परिषद, सुधीर बेगी थाना प्रभारी हटा, चंदन सिंह निरंजन थाना प्रभारी रनेह, आशीष पुरानी, कुलदीप राजपूत, शैलेश पटेल जनपद सदस्य, सुशोभित पटेल, रितेश अग्रवाल, निक्की ताम्रकार, कन्हैयालाल आदिवासी सरपंच, मुफीस अहमद सहायक उप निरीक्षक, छोटू हजारी की उपस्थिति रही। मंचासीन अतिथियों का स्वागत ए डी क्लब के पदाधिकारी ने किया। वहीं समूचे ग्राउंड में दर्शकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नल दमयंती का फाइनल मुकाबले एस एस के शाहपुर और सागर शुक्रवारी के मध्य खेला गया। सागर ने टॉस जीतकर बॉलिंग का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी शाहपुर की टीम ने चौके और छक्कों की बौछार करते हुए 264 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सागर शुक्रवारी मात्र 98 रनों पर ढेर हो गई। शाहपुर ने सागर को बल्लेबाजी और बोलिंग, क्षेत्र आरक्षण में हर तरह से धूल चटाकर बुरी तरह धोकर मैच की विजेता टीम बनी। शाहपुर की टीम से सबसे अधिक 81 रन बनाकर तीन विकेट हासिल कर मैन ऑफ द मैच ए जे रहे। । मैन ऑफ द सीरीज एजे 116 रन, 11 विकेट बेस्ट बॉलर ए जे, बेस्ट बैट्समैन वाजिद 254 रन कार्यक्रम के अंतिम चरण में विजेता एस एस के शाहपुर को 51000 नगद, उपविजेता शुक्रवारी सागर को ₹25000 नगद के साथ ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। एडी क्लब द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। व्यवस्था कार्यक्रम की अतिथियों द्वारा सराहना की गई। खेल मैदान पर चारों ओर जन समूह नजर आ रहा था। एक बार फिर उठी स्टेडियम की मांग प्रतिवर्ष की भांति रखी, पूर्व में विधायक पति अगला मैच रनेह स्टेडियम में होगा बोलकर गए थे वहीं अनेकों वर्षों से चला रहा चला आ रटा रटाया जवाब विधायक पुत्र फिर बोल गए। मगर इस नल दमयंती क्रिकेट ट्रॉफी की आयोजक जहांगीर खान अड्डू ने माइक से खुली चेतावनी दी कि अब लॉलीपॉप नहीं चलेगा इस वर्ष उग्र आंदोलन कर स्टेडियम की मांग रखी जाएगी। इस बात को सभी जनप्रतिनिधि ध्यान में रखें आने वाले वर्षों में चुनाव है आपका जनता क्या हाल करेगी आप यह समझ ले। समूची ट्रॉफी में अंपायर सगीर खान, लोकेंद्र सिंह, स्कोरर अरमान खान, कमेंटेटर जहांगीर खान, शिवा भटेले, मुरली पटेल, वाकर श्रीवास्तव, टूर्नामेंट के बेस्ट दर्शक नरेंद्र साहू (मोदी) रहे। कमेटी के सदस्यों में प्रमुख रूप से राममिलन तिवारी, रूपनारायण तिवारी, नोने सिंह लोधी, श्याम नायक पत्रकार, खूबचंद , अध्यक्ष हरेंद्र तिवारी गुड्डू, आयोजन जहांगीर खान अड्डू, मनीष तंतुवाय जिला पंचायत सदस्य, विश्वनाथ नगायच, श्रीकांत तिवारी, जेपी राजा, पिंटू व्यास, राम सिंह राजपूत, सफल त्रिवेदी, देवेंद्र कुर्मी पटवारी, गौरव दीक्षित, शुभम शर्मा, रवि राजा बिजवार, सोनू साहू, उमेश कुसमया ,पप्पू खान, रोहित पेंटर, राजेंद्र हरिओम साहू, दुर्गा सोनकर, संजय कुम्हार, सुरेंद्र लोधी के साथ ही समस्त एडी क्लब के खिलाड़ियों, प्रशंसकों की सहयोगात्मक उपस्थिति रही।

## समरसता का भाव जगत में भरना है

**हिंडोरिया।** राष्ट्रभक्ति केवल सीमा पर बंदूक लेकर ही नही की जा सकती है बल्कि आप एक आवारा बच्चे को विद्यालय भेज कर भी राष्ट्र भक्ति का उदाहरण बन सकते है आज हमारे माता-पिता को अपने शिशु को देने के लिए समय नही है इस व्यस्ततम दिनचर्या में हरहाल में चिंता करनी होगी। उक्ताशय के विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह सेवा प्रमुख डॉ प्रदीप राही के खजरी मंडल के पावन धाम लक्ष्मनकुटी में थे। आगे उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के बिना हमारा समाज आगे नही बढ़ सकता है। हमारी इस कमजोरी का मुगलों ने फिर अंगेजो ने लाभ उठाया और हम परतंत्र हुए। पंच परिवर्तन केवल भाषण का हिस्सा नही अपितु हम सभी को इस दिशा में कार्य करना होगा। इससे पहले सम्मेलन में लक्ष्मनकुटी धाम के पू.महंत श्री राघवेन्द्र गिरी व महंत महेंद्र गिरी महाराज , विश्व हिंदू परिषद की विधि प्रकोष्ठ से श्रीमती गिरिजा त्रिपाठी व मुख्यवक्ता डॉ प्रदीप ने भारत माता व श्रीराम दरवार पर दीप प्रज्वलन व कन्या पूजन कर कार्यक्रम की औपचारिक सगुरुआत की। इसके पश्चात विश्व हिंदू परिषद आयी गिरिजा दीदी ने उपस्थित बच्चों को दिनचर्या, भोजन ,भ्रमण, भाषा, भजन आदि पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही पंच परिवर्तन विषयो को देश की उन्नति के लिए मूल मंत्र बताया। हम सबको एकजुट होकर अपने भारत माता को विश्व पटल पर पुनः स्थापित करना है। भारत माता की भव्य आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला, खंड, नगर व मंडल के दायित्वान कार्यकर्ता ,विभिन्न ग्रामों के सरपंच, जनप्रतिनिधियों के अलावा पावन लक्ष्मणकुटी धाम के व्यवसायी ,सज्जनवृन्द माता भगनी की उपस्थिति रही।

## करियर मेले का आयोजन

**दमोह।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जबेरा में विद्यार्थियों के लिए 5 दिवसीय करियर मेला और करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, इस पहल का उद्देश्य छात्रों को उनके भविष्य के करियर पथ के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना है। कार्यशाला के प्रथम दिवस पर पशु चिकित्सालय जबेरा के डॉ. पंकज चौबे ने विद्यार्थियों को अपना करियर चुनने के तरीके पर विस्तृत और प्रेरणादायी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सरल उदाहरणों के माध्यम से रुचि, क्षमता, लक्ष्य निर्धारण और सही निर्णय लेने के महत्व को समझाया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद बाजपेई ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया.। इस अवसर पर करियर मार्गदर्शक के रूप में नंदकिशोर बाजपेई, वीरेंद्र विश्वकर्मा, शैलेंद्र सेन, पवन राय उपस्थित थे। विद्यालय के समस्त स्टाफ की भी गरिमामयी उपस्थिति रही, कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य मोहन लाल सेन ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें लक्ष्य के प्रति सतत प्रयास करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही सभी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की हुई जिला स्तरीय बैठक

**दमोह।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक कमला नेहरू पार्क में संपन्न हुई जिसमें 8 फरवरी को होने वाले प्रदेश स्तरीय विशाल कार्यक्रम जिसमें मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिलों में विशाल रैली निकालकर माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर महोदय को दिया जाएगा। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा बैठक में तैयार की गई उपस्थित सभी साथियों ने 8 फरवरी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की जिला स्तरीय बृहद कार्यक्रम मेंहजारों की संख्या में साथी पहुंचना चाहिए ताकि मध्यप्रदेश सरकार तक हमारी आवाज पहुंच सके इसके अतिरिक्त संगठन विस्तार नीति के तहत कुछ नवीन पदाधिकारी को दायित्व सौंप गए जिसमें संपूर्ण जिले में मात्र शक्तियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए महिला प्रकोष्ठ की ओर से शीला पटेल को जिला कार्यकारी अध्यक्ष दमोह संगीता मुढा दमोह ब्लॉक अध्यक्ष सरिता ठाकुर तेंदूखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष रश्मि ठाकुर जबेरा ब्लॉक अध्यक्ष संगीता तंतवाय पटेरा ब्लॉक अध्यक्ष नीलू श्रीवास्तव पथरिया ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया उसके अलावा भाई मनोहर सिंह ठाकुर को जिला कार्यकारी उपाध्यक्ष रोहिणी तंतवाय ब्लॉक संयोजक हटा केशव पटेल ब्लॉक अध्यक्ष पथरिया राजेश जैन जिला संगठन मंत्री दमोह नरोत्तम गुप्ता ब्लॉक सचिव पथरिया अशोक विश्वकर्मा संकुल प्रभारी एमएलबी हटा, सीपी अहिरवार संकुल प्रभारी कांटी दिलीप द्विवेदी ब्लॉक अध्यक्ष तेंदूखेड़ा नियुक्त किया गया साथ में तेंदूखेड़ा एवं जबेरा विकासखंड में 13 संकुल केंद्र में संकुल प्रभारी नियुक्त किए गए सभी नवनियुक्त पदाधिकारी ने संगठन विस्तार के लिए हमेशा तत्पर रहने की शपथ ली उपस्थित सभी साथियों ने नवीन पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश सराफ जिला उपाध्यक्ष सुनील सोनी जिला कार्यकारी अध्यक्ष अभय भट्ट ताहिर खान महेंद्र दीक्षित सुरेंद्र चौबे मनोहर सींग ठाकुर दिलीप द्विवेदी ठाकुरदास अवस्थी विपिन चौबे राजेश जैन केशव पटेल श्रीमती रीता मारिया सहित अनेक शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## बनवार में आयोजित किया गया हिंदू सम्मेलन

**सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया सनातन एकता का संकल्प**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा तहसील क्षेत्र के बनवार में सोमवार को विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक भैय्यन के मार्गदर्शन में आयोजित इस सम्मेलन में आसपास के गांवों से सैकड़ों श्रद्धालुजन एवं समाजसेवी शामिल हुए। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना तथा सनातन संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के संरक्षण व संवर्धन का संदेश देना रहा। सम्मेलन से पूर्व भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रस्तुतियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं पुष्पमालाओं से कर सम्मानित किया गया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित जैन ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि एकता, सेवा और संस्कार ही सनातन धर्म की आत्मा है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि सभी वर्ग आपसी भेदभाव भुलाकर एकजुट हों और राष्ट्र व धर्महित में योगदान दें। कथावाचक पंडित उमाशंकर शास्त्री एवं खंड प्रचारक जगदेव सिंह ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता सुदृढ़ होती है तथा युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सनातन मूल्यों को जीवन में उतारने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने पर जोर दिया। सम्मेलन में उपस्थित सैकड़ों लोगों ने हिंदू एकता एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन "एक रहें, नेक रहें" के प्रेरक संदेश के साथ हुआ। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह और सकारात्मक माहौल बना।

## परीक्षा-पे-चर्चा में कलेक्टर ने किया छात्राओं से संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखड़ा



जिला दमोह के कलेक्टर सुधीर कोचर द्वारा जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता और बेहतर परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अनूठी पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत वे जिले के विभिन्न विकासखंडों के विद्यालयों का भ्रमण कर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शाला स्टाफ से संवाद कर रहे हैं। इसी क्रम में आज तेंदूखेड़ा विकासखंड के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तेंदूखेड़ा में कलेक्टर सुधीर कोचर ने छात्राओं से सीधा संवाद किया। संवाद के दौरान छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उन्होंने सहज, सरल एवं प्रेरणादायक ढंग से उत्तर दिए तथा परीक्षा से जुड़े भय और तनाव को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कलेक्टर कोचर ने छात्राओं को परीक्षा लेखन की रणनीति बताते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान सबसे पहले उन प्रश्नों को हल करें जो उन्हें पूरी तरह से याद हैं। इसके बाद उन प्रश्नों को हल करें जो आंशिक रूप से याद हैं तथा अंत में शेष प्रश्नों पर ध्यान दें। उन्होंने परीक्षा की निकटता को देखते हुए आगामी 10 दिनों के लिए समय-सारिणी बनाकर पढ़ाई करने की सलाह दी और कहा कि एक घंटे के अध्ययन के बाद 10 मिनट का विश्राम लेकर अलग-अलग विषयों का अध्ययन करें। उन्होंने छात्राओं से कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार का तनाव न लें। असफलता मिलने पर कभी भी गलत कदम न उठाएं, क्योंकि आपकी जिंदगी आपके माता-पिता और समाज के लिए अनमोल है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर दसवीं कक्षा में असफल होने के बावजूद विश्व स्तर के खिलाड़ी बने, वहीं क्रांति गौंड ने कठिन परिस्थितियों में भी एक करोड़ रुपये का इनाम जीतकर सफलता हासिल की। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीतीश पांडे, विद्यालय प्राचार्य पी. एल. रैकवार, वरिष्ठ शिक्षक के. एल. चौकसे, चन्द्रशेखर हजारी सहित समस्त शिक्षक-स्टाफ उपस्थित रहा। कलेक्टर के संवाद से छात्राओं में उत्साह, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली।

## ग्राम पंचायत रनेह में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत हुआ ग्रामोत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिनौताकलां



मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी सरकार के गौरवशाली दो बर्ष पूर्ण होने पर ग्राम पंचायतों स्तर पर ग्रामोत्सव से अभ्युदय अभियान अंतर्गत दिनांक 12 जनवरी से 31जनवरी2026 तक ग्रामोतसव के आयोजन किये जा रहे हैं। इसी श्रंखला में विगत दिवस ग्राम पंचायत भवन ग्राम रनेह में ग्रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था संत नामदेव शिक्षा समिति हटा के द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रनेह के सहयोग से किया गया। मंचासीन अतिथि रनेह क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य श्री मनीष तन्तुवाय, पं भगवान दास पौराणिक, राजेन्द्र साहू ,पं जागेश्वर मिश्रा जी, द्वारा मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रो के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प माला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला पंचायत सदस्य तन्तुवाय जी द्वारा सार गर्भित उद्बोधन में ग्रामोदय काअर्थ समझाते हुए बताया कि जिस प्रकार सूर्य का उदय होता है उसी प्रकार ग्राम का उदय , ग्राम का उदय तभी संभव है जब हम सभी ग्राम वासी सरकार के भरोसे न रहें ।हम सभी अपने ग्राम की सफाई की जबाब दारी हम स्वयं निभायें। जिस प्रकार हम अपने घर को स्वच्छ रखने है उसी प्रकार हम अपने ग्राम को भी स्वच्छ रखने की जवाबदेही भी हम निभायें,हम सरकारी सम्पत्ति को अपनी सम्पत्ति समझे तभी ग्रामोदय संभव है। इस अवसर शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय की छात्राओं द्वारा अपनी कला कौशल के माध्यम से विविध रंगो से रंगोली उकेरी, जिसे सभीअतिथियो ने अवलोकन किया ।एवं सभी प्रतिभागियों की भूरी भूरी प्रशंसा की । रंगोली में शासकीय हायर सेकंडरी कक्षा ग्यारहवीं की 06 छात्राओं ने भाग लिया ।जिसे अतिथियो के माध्यम से संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडम पहना कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार हायर सेकंडरी विधालय के कक्षा आठवीं एवं कक्षा दसवीं से 06 छात्र, छात्रों को एवं शासकीय माध्यमिक कन्या शाला रनेह की 05 छात्रों को बोर्ड परीक्षा में 75% अधिक अंक प्राप्त करने पर संत नामदेव शिक्षा समिति हटा के द्वारा छात्र, छात्राओं को अतिथियों के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र एवं मेडम पहना कर सम्मानित किया गया। इसी तरह सम्मान की बेला में गौ सेवा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में ग्राम रनेह में अग्रणी भूमिका निभाने वाले गौ सेवक एवं समाज सेवियों को पुष्पमाला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर संस्था द्वारा सम्मानित किया। जिसमें गौ सेवक पं जागेश्वर मिश्रा, पं कृष्ण गोपाल तिवारी, शिवांक राय, नरेन्द्र साहू ,पं शक्ति चौबे,पं दुर्गेश चौबे, राजेन्द्र साहू को मंच के माध्यम से सम्मानित कर संस्था गौरवान्वित हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद हटा की परामर्शदाता श्रीमती शिवानी लखेरा, समाजसेवी कृष्णकान्त लखेरा ,प्रस्फुटन समिति ग्राम रनेह की अध्यक्ष कु साक्षी पौराणिक, सचिव कु शिवांगी पौराणिक, शिक्षिका श्रीमती बबली वर्मा, वंदनी राय आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सराहनीय सहयोग रहा । कार्यक्रम का सफल मंच संचालन संस्था के कार्यक्रम समन्वयक नीलेश अवस्थी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्त में सभी उपस्थित सम्मानीयो का आभार प्रदर्शन संत नामदेव शिक्षा समिति हटा के संचालक सुरेश कुमार नामदेव द्वारा व्यक्त किया गया।

## धूमधाम से मनाई गई रविदास जयंती



**ग्राम कलहेरा खेड़ा में रैली निकालकर मनाई संत की जयंती**

**जबेरा।** नजदीकी ग्राम कलेरा खेड़ा में भी रविवार को रविदास जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई जिसमें समस्त ग्राम वासियों के साथ भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ठाकुर ने अपने समस्त साथियों के साथ पहुंचकर के संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर संत जी का पूजन अर्चन किया इसके उपरांत ग्राम में गाजे बाजे एवं गगन भेदी नारों के साथ रैली निकाली गई जिसमें समस्त ग्राम वासियों के अतिरिक्त निरंजन सिंह, सूरत सिंह,कृष्ण कुमार अहिरवार फॉरेस्ट गार्ड नरेंद्र अहिरवार, खिलाड़ी अहिरवार ,सुनील अहिरवार ,प्रीतम अहिरवार, नन्हेंलाल ,अमृत अहिरवार, सहित बड़ी संख्या में सभी लोगों की उपस्थिति रही ।

**जबेरा।** नगर में संत शिरोमणि रविदास जयंती जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई ग्राम में रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी प प्रज्वलित कर पूजन अर्चन किया गया उसके बाद संपूर्ण नगर में गाजे बाजो के साथ जुलूस निकाला गया जिसमें समस्त ग्राम वासियों के अतिरिक्त क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री अनुज सत्येंद्र सिंह की उपस्थिति रही।

## शिवशक्ति प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**तेंदूखेड़ा।** नगर से लगभग 4 किलोमीटर दूर ग्राम सुरगुवां स्थित श्री शिव शक्ति धाम में भगवान श्री शिव जी एवं मां भगवती खेर माता जी के जन्मोत्सव एवं प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन दिनांक 31 जनवरी 2026, शनिवार एवं 01 फरवरी को दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों के साथ श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस श्री शिव शक्ति धाम सुरगुवां से पूरे ग्राम में मां भगवती खेरमाई एवं भगवान शिव जी की भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। ग्रामीणों ने बड़े उत्साह के साथ शोभायात्रा में सहभागिता की। इस अवसर पर भगवान शिव जी एवं मां खेर माता जी का विधिवत अभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन-पूजन एवं सुंदरकांड का पाठ संपन्न कराया गया। द्वितीय दिवस श्री सत्यनारायण भगवान की कथा, कन्या भोज, भंडारा तथा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष ग्राम सुरगुवां निवासी पंडित लक्ष्मण प्रसाद उपाध्याय भूतपूर्व सैनिक, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला देवी उपाध्याय, पुत्र उमेश दत्त उपाध्याय शिक्षक एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अनुजा उपाध्याय शिक्षिका तथा समस्त ग्रामवासियों के जनसहयोग से भगवान श्री शिव जी एवं मां भगवती खेर माता जी के मंदिर का निर्माण कर प्राण प्रतिष्ठा एवं साप्ताहिक महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस वर्ष के आयोजन में मुख्य यजमान पंडित लक्ष्मण प्रसाद उपाध्याय एवं श्रीमती उर्मिला देवी उपाध्याय रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमेश दत्त उपाध्याय, होमेश दत्त उपाध्याय, विष्णु चौबे, खूब सिंह ठाकुर, हल्ले सिंह, संतोष उपाध्याय, कुलदीप उपाध्याय, पंचम सिंह, राजकुमार, कमर किशोर उपाध्याय, दिनेश दुबे, लेखिका उपाध्याय, डॉ. अरुण असरकार, कैलाश सिंह, ऋषि ठाकुर सहित समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।

## पंच कुंडात्मक शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ व प्रवचनमाला से झालौन हुआ धर्ममय

**उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब**



**तेंदूखेड़ा।** झलौन से 3 किलोमीटर दूर ओरिया मॉल मै चल रहे विशाल पंच कुंडात्मक शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ छठवें दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बना हुआ है। महायज्ञ के अंतर्गत रविवार को चित्रकूट धाम की सुप्रसिद्ध कथावाचिका द्वारा भावपूर्ण प्रवचन प्रस्तुत किए गए, महायज्ञ के दौरान कथावाचिका दीपेश्वरी देवी ने अपने प्रवचनों में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कथा सुनाते हुए कहा कि एक बार नंदलाल बालकृष्ण यमुना तट पर अपने सखाओं के साथ भोजन कर रहे थे। माँ यशोदा द्वारा दी गई रोटी को देखकर मुस्कुराते ही एक कौवा आकाश से आया और रोटी छीनकर उड़ गया। यह देख बालकृष्ण रो पड़े और मासूम भाव से बोले—"मेरी रोटी कौन ले गया?" कथावाचिका ने कहा कि यही भगवान श्रीकृष्ण की महानता है—जो संपूर्ण ब्रह्मांड के संचालक हैं, वही अपने भक्तों को यह सिखाने के लिए कि वे केवल ईश्वर ही नहीं, बल्कि भक्तों के बालक भी हैं, बालसुलभ भाव से रोते हैं। यह लीला हमें सिखाती है कि भगवान को अहंकार नहीं, बल्कि सरलता, प्रेम और निष्कपट भाव प्रिय है। यज्ञ में शामिल होने एवं प्रवचन सुनने के लिए आसपास के दर्जनों ग्रामों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे।जिनमे धनेटा, उमरिया, ससना, गुहची, झलौन, मगदुपुरा, अंचलपुरा, डुकरसता, घुटरिया, राजा, गुवरा, सर्रा सहित अनेक गांवों से भक्तजन बड़ी संख्या में महायज्ञ स्थल पर उपस्थित रहे। संपूर्ण वातावरण "हर हर महादेव" और "राधे-कृष्ण" के जयकारों से भक्तिमय हो उठा। महायज्ञ में मध्य प्रदेश शासन के सांस्कृतिक राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के पिता भाव सिंह लोधी का पहुंचे उन्होंने यज्ञ स्थल पर पहुंचकर भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया आयोजन समिति—ओरिया मॉल समिति के सदस्यों श्याम पटेल, लक्ष्मी पटेल, राजकुमार पटेल, मथुरा पटेल, भागचंद ठाकुर एवं समस्त समिति द्वारा बाहर से पधारे धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर स्वागत एवं सम्मान किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सर्व स्वर्णकार सोनी समाज परिचय व विवाह सम्मेलन 5 फरवरी को

**दमोह।** सर्व स्वर्णकार सोनी समाज सम्मेलन के कार्यक्रम अध्यक्ष मुन्नालाल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 फरवरी को परिचय सम्मेलन वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में कृषि उपज मंडी जबेरा में कार्यक्रम का आयोजन 6 फरवरी को शादियां 5 फरवरी को उम्र संबंधी आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड मार्कशीट जन्म प्रमाण पत्र की जांच एवं 6 फरवरी को शादियों का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन दमोह कटनी जबलपुर नरसिंहपुर छिंदवाड़ा अन्य जिलों से भी समाज के लोगों की गरिमा में उपस्थिति में समूचा कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा। कार्यक्रम सहसंयोजक अखिलेश सोनी ने समाज के सभी लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित की अपील करते हुए समाज के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ महानुभाव से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### श्री नर्मदा नि:शुल्क रसोई का शुभारंभ

**बनवार/दमोह।** असाटी समाज दमोह के संस्कार भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दौरान श्रीधाम वृंदावन से पधारे श्रद्धेय नीरज नयन महाराज ने परिकर वेद प्रकाश नागर एवं अनिकेत दुबे के साथ समिति सदस्यों सहित बांदकपुर स्थित प्रसिद्ध श्री जागेश्वर नाथ धाम पहुंचकर भगवान जागेश्वर नाथ महादेव के दर्शन किए। इस अवसर पर कथा वाचकों द्वारा विधि-विधान से जलाभिषेक कर पूजन-अर्चन किया गया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की गई। दर्शन-पूजन के दौरान मंदिर प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक, केदारनाथ दुबे एवं राम प्रताप पंडित विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार दिनेश असाटी, असाटी समाज दमोह के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, शिक्षक श्रीमती विद्या असाटी, युवा अध्यक्ष विनय असाटी, अजय असाटी, देव कुमार असाटी, विवेक अप्सरा, अमन असाटी, प्रिंस असाटी, शिवांग, विकास असाटी, सृजन, ललित एवं साधुजी सीताराम अतुल ने भी मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए। इस अवसर पर श्री नर्मदा निशुल्क रसोई का शुभारंभ भी किया गया। साथ ही बांदकपुर में निर्माणाधीन कॉरिडोर का संतजनों एवं उपस्थित जनों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

मैनिट भोपाल द्वारा जिले के अंतर्गत चिन्हित 12 ब्लैक स्पॉट एवं 02 हॉट स्पॉट लोकेशन पर दी विस्तृत रिपोर्ट

# ब्लैक एवं हॉट स्पॉट पर सुधारात्मक, इंजीनियरिंग एवं सुरक्षा सबंधी समय पर कार्य पूर्ण किया जाये

**कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने निर्माण एजेंसियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए लिखे पत्र, विभागों द्वारा दिए गए निर्देशों पर अमल शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। मौलाना आज़ाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट) भोपाल के माध्यम से जिले के अंतर्गत चिन्हित 12 ब्लैक स्पॉट एवं 02 हॉट स्पॉट लोकेशन का रोड सेफ्टी सर्वे एवं एनालिसिस कराया गया था।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने बताया मैनिट भोपाल द्वारा इस सर्वेक्षण की फाइनल रिपोर्ट प्रस्तुत की जा चुकी है। मैनिट भोपाल द्वारा प्रदत्त अनुशंसाओं के अनुरूप सभी चिन्हित स्थलों पर सुधारात्मक, इंजीनियरिंग एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यों के समुचित, समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित रोड एजेंसियों से 28 फरवरी तक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

उक्त कार्यों की सतत निगरानी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए अपर कलेक्टर, यातायात प्रभारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पीडब्लूडी वर्षा मिश्रा निगरानी समिति में शामिल हैं। उन्होने बताया यह समिति संबंधित रोड एजेंसियों एनएच (पीडब्लूडी), एमपीआरडीसी, एनएचएआई, पीएमजीएसवाई एवं पीडब्लूडी के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं हॉट स्पॉट लोकेशन पर किए जा रहे कार्यों का स्थलवार निरीक्षण करेगी। साथ ही कार्यों की प्रगति की समीक्षा, अनुपालन प्रतिवेदन का परीक्षण कर समेकित रिपोर्ट संबंधित कार्यालय को प्रस्तुत की जाएगी।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने लोक निर्माण विभाग सागर कार्यपालन यंत्री (एन.एच.) को पत्र जारी करते हुए कहा इमलाई फैक्ट्री (थाना दमोह देहात) ब्लैक स्पॉट एवं मारा तिराहा (थाना दमोह देहात) हॉट स्पॉट आपके विभाग/रोड एजेंसी के माध्यम से स्पॉट पर सुधारात्मक, इंजीनियरिंग एवं सुरक्षा सबंधी आदि कार्यवाही निर्धारित तिथि तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कर विस्तृत अनुपालन प्रतिवेदन कार्यालय को भेजा जाए।

इसी प्रकार मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड (एमपी आरडीसी) संभागीय प्रबंधक को जारी पत्र में कहा गया समन्ना पेट्रोल पंप (थाना दमोह देहात), नाग बाबा (थाना तेंदूखेड़ा), टावर से 27 मील चौराहा (थाना तेंदूखेड़ा), गौरैया पुल से आईटीआई कॉलेज बम्होरी (थाना तेंदूखेड़ा), तारादेही तिराहा से भौडी मंदिर (थाना तेंदूखेड़ा), मावला पुल से नरगुवा टेक (थाना तेंदूखेड़ा) एवं पंडा बाबा मंदिर आगे मोड़ तक (थाना तेंदूखेड़ा) सभी ब्लैक स्पॉट आपके विभाग/रोड एजेंसी के माध्यम से स्पॉट पर सुधारात्मक, इंजीनियरिंग एवं सुरक्षा सबंधी आदि कार्यवाही निर्धारित तिथि तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कर विस्तृत अनुपालन प्रतिवेदन कार्यालय को भेजा जाए। दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई भी विभाग द्वारा प्रारंभ कर दी गई है।

# किसानों ने सोयाबीन भावांतर राशि नहीं मिलने पर ट्रैक्टर रैली निकालकर दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





क्षेत्र के किसानों की तीन महीने पूर्व कृषि उपज मंडी के माध्यम से की गई सोयाबीन की खरीदी में शासन द्वारा भावांतर की राशि न दिए जाने से आक्रोषित किसानों ने भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत दमोह हटा के बैनर तले सोमवार को विशाल ट्रेक्टर रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम राकेश मरकाम को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र राशि दिलाए जाने की मांग की।

किसानों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि हटा कृषि उपज मंडी में 6 नवंबर 2025 के बाद सोयाबीन की खरीदी में भावांतर की राशि नहीं दी गई जिसे शीघ्र राशि दिलाई जाए। इसी के साथ किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि हटा क्षेत्र में किसानों को सिंचाई का साधन सिर्फ नलकूप है जिसका जल स्तर गिरता जा रहा है क्षेत्र में सिंचाई परियोजना लाई जाए ताकि किसानों के खेतों तक पानी उपलब्ध हो सके। इसके अलावा ज्ञापन में किसानों द्वारा मांग की गई कि हटा तहसील के विद्युत सब स्टेशनों की क्षमता बढ़ाई जाए एवं पावर ट्रांसमिशन को अपडेट किया जाए ताकि सिंचाई हेतु विद्युत वोल्टेज की समस्या का हल हो सके एवं विद्युत मंडल कार्यालय के सूचना पटल पर स्थाई अस्थाई पंप की रेट लिस्ट चस्पा की जाएं। वहीं कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा किसान संगोष्ठी आयोजित किए जाएं ताकि खेती में उन्नत तकनीकी जानकारी किसानों को मिल सके। ज्ञापन के अंत में किसानों ने उल्लेख कर मांग करते हुए कहा कि गैसाबाद पुल को शीघ्रता से चालू कराया जाए ताकि किसानों को आने जाने की सुविधा मिल सके। किसानों ने चेतावनी देते हुए प्रशासन को बताया कि यदि हमारी उक्त मांगो पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की जाती तो भारतीय किसान संघ उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन के पूर्व ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ो ट्रैक्टरों से पहुंचे किसानों ने चंडी जी के पास एकत्रित होकर ट्रैक्टर रैली निकाली जो अंधियारा बगीचा से दमोह नाका जनपद पंचायत के रास्ते से शासन प्रशासन के विरोध में नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे।

ज्ञापन देने वालों में भारतीय किसान संघ के प्रदेश मंत्री आरसी पटेल, जिला मंत्री मयंक श्रीवास्तव, तहसील अध्यक्ष अनिल पटेल, तहसील मंत्री विनोद पटेल, अर्जुन पटेल, प्रमोद दुबे, संजय पटेल, मोहन पटेल, राजेंद्र पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में किसानों की उपस्थिति रही।

# आजीविका मिशन में छाया सन्नाटा डेली अप-डाउन शैली से कार्य प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

आजीविका मिशन कार्यालय आजकल जन चर्चा का विषय बना हुआ है लंबे समय से कार्यालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी की डेली ,अप डाउन शैली से समूह की महिलाओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है ,सूत्रों की माने तो पिछले लंबे समय से प्रबंधक के पद को लेकर खींचातानी भी एक कारण है। विभागीय कर्मचारी आए दिन मीटिंग के नाम पर कार्यालय से नदारत पाए जाते हैं इन पर किसी प्रकार का कोई अंकुश नहीं है दूर ग्रामों से आई हुई समूह की महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है शासन की मंशा के अनुसार आज प्रशासन महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने के लिए अनेकों योजना संचालित कर रहा है लेकिन अधिकारी कर्मचारी इन योजनाओं को पलीता लगाते हुए नजर आ रहे हैं कई शिकायतों के बाद भी इस कार्य प्रणाली पर अंकुश नहीं लग पा रहा है ।वरिष्ठ अधिकारी इन शिकायतों को नजर अंदाज करते नजर आ रहे हैं मिशन में लंबे समय से कर्मचारी को प्रबंधक का प्रभार सोप जा रहा है प्रबंधक पद प्रभारी के भरोसे चल रहा है यह भी इसका मुख्य कारण है कर्मचारियों का डेली अप डाउन शैली के कारण आए दिन नदारत रहना ए4वं समय पर न पहुंचने के कारण कार्यालय का न खुलने का समय है ना बंद होने का अब देखना यह है कि शासन प्रशासन इस पर किस प्रकार की कार्रवाई करता है।

### इनका कहना है

इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जबेरा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आपके द्वारा बताया गया है मैं औचक निरीक्षण करता हूं यदि अनियमित पाई जाती है तो निश्चित ही कार्यवाही की जावेगी।

**रामेश्वर पटेल**
**जनपद सीईओ**
**जनपद पंचायत जबेरा**

# तीन माह की गर्भवती नवविवाहिता की गर्भपात के बाद मौत

**पुलिस जांच में जुटी गर्भपात के बाद नवविवाहिता की मौत, मायके-ससुराल पक्ष आमने-सामने**



**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत की अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बगदरी के ग्राम गुबरा में तीन माह की गर्भवती महिला की गर्भपात होने के चलते रविवार सुबह मौत हो गई गर्भवती महिला कटनी जिले के अंतर्गत आने वाले कछार थाना बाकल निवासी थी। गर्भवती महिला भारती आदिवासी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु होने पर मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं ससुराल पक्ष ने आरोपों को निराधार बताते हुए अपना पक्ष रखा है। मृतका की मां गुड्डी बाई आदिवासी ने बताया कि उनकी बेटी भारती पिछले वर्ष परिवार के साथ मजदूरी के सिलसिले में महाराष्ट्र गई हुई थी। वहीं तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत अंतर्गत बगदरी पंचायत के ग्राम गुबरा निवासी संदीप आदिवासी का परिवार भी काम कर रहा था। इसी दौरान भारती और संदीप की पहचान हुई, जिसकी जानकारी दोनों परिवारों को नहीं थी।

काम समाप्त होने के बाद भारती अपने परिवार के साथ कछार लौट आई और संदीप भी अपने गांव वापस चला गया। कुछ समय बाद भारती बिना बताए घर से संदीप के पास चली गई। इसके बाद संदीप उसे लेकर पाटन तहसील, जिला जबलपुर के ग्राम कुंवरपुर बजरंगगढ़ पहुंचा, जहां उसकी बहन नारायणी रहती है। वहीं दोनों ने मंदिर में शादी कर ली और साथ रहने लगे। संदीप खेतों की रखवाली और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था।

संदीप की बहन नारायणी के अनुसार, दो दिन पहले भारती की तबीयत खराब हुई थी, जिसके बाद उसे पाटन अस्पताल ले जाया गया। इलाज के बाद उसे घर लाया गया। उन्होंने बताया कि भारती लगभग तीन माह की गर्भवती थी, इस दौरान उसका गर्भपात हो गया था और उसे एक टीका भी लगाया गया था। रविवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर 108 नंबर पर कॉल किया गया, लेकिन एंबुलेंस के पहुंचने से पहले ही उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद ससुराल पक्ष ने लडकी के परिजनों को कटनी बाकल में सूचना दी जिस पर उन्होनें कहा कि अंतिम संस्कार हम लोगों के पहुंचने पर ही करना। रविवार की शाम को मायके पक्ष के लोगों के पहुंचने पर दोनों पक्षों में कहा सुनी हो गई जिस कारण से सूंपर्ण मामला तेंदूखेड़ा थाना तक पहुंच गया। सोमवार को नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी एवं पुलिस स्टाफ के साथ गुबरा पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम करने के लिए तेंदूखेड़ा लाया गया। जहां दो डांक्टरों की पेनल ने मृतिका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया। वहीं मृतका की मां गुड्डी बाई ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की मौत सामान्य नहीं है, बल्कि उसे मारा गया है। उन्होंने कहा कि जब भारती की तबीयत खराब हुई, उस समय उन्हें सूचना क्यों नहीं दी गई। बेटी की मौत के बाद ही उन्हें जानकारी दी गई।

उन्होंने यह भी बताया कि बेटी द्वारा घर से भागकर शादी करने के कारण पिछले लगभग पांच महीनों से दोनों परिवारों के बीच बातचीत बंद थी। संदीप की बहन नारायणी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि शादी के समय लड़की के माता-पिता को सूचना दी गई थी, लेकिन उन्होंने यह कह दिया था कि लड़की उनके लिए मर चुकी है। उन्होंने कई बार फोन करने का प्रयास किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं की गई। रविवार सुबह लगभग 6 बजे मृत्यु होने के बाद मायके पक्ष के लोग शाम को पहुंचे। फिलहाल पुलिस द्वारा पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने बताया कि मर्ग कायम कर लिया गया हैं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएंगी। जांच जारी है।

# पंचायत की सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार, ग्रामीणजनों में आक्रोश

**जनपद सीईओ से की गई शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क में इस समय भ्रष्टाचार का बोल वाला है ग्राम पंचायत के द्वारा कराये गये निर्माण कार्यों में व्यापक भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं को लेकर के ग्रामीणों का आक्रोश दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए ज्ञापन के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया है लेकिन संबंधित अधिकारियों के द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से जनता में नाराजगी एवं आक्रोश गहरा होता जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जबेरा को दिए गए आवेदन में बताया गया है की ग्राम पंचायत क्षेत्र में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य बहुत ही घटिया एवं गुणवत्ताहीन कराये गए हैं। बताया गया है कि प्रेम कुमार के घर से शिव मंदिर तक प्रेम कुमार के घर से पंचायत भवन तक बनाई गई सीसी रोड एवं नाली का निर्माण नहीं किया गया है ग्राम पंचायत में सोनू राजपूत के घर से मोहन सिंह आदिवासी के घर तक सीसी रोड निर्माण को भी गुणवत्ताहीन बताया जा रहा है वहीं नाली निर्माण कार्य नहीं किया गया है शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि ग्राम बंदर कोला ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क में सोनी वाली तलैया का निर्माण लगभग 9 लाख 94 हजार रुपए की लागत से स्वीकृत किया गया था लेकिन कार्य की स्थिति बेहद संदेहास्पद बताई जा रही है इसी तरह ग्राम मंगराई रोड माई एज की ओर बनाए गए पर्कुलेशन टैंक निर्माण पर 14 लाख 9हजार 392 रुपए 57 पैसे की लागत बताई गई है जिस पर भी ग्रामीणों के द्वारा सवाल खड़े किए जा रहे हैं, देखना होगा कि शिकायत पर उच्च अधिकारियों द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है।

# सूने घर में चोरों ने घुसकर नगदी और जेवर किए पार

**रनेह।** अभी तक शहरों में सूने मकान को चोर निशाना बनाते थे कस्बा एवं गांव में इस तरह की चोरियां घरों में नहीं होती थी। मगर समय के साथ चोरों ने भी अपनी आदतों में बदलाव कर लिया है। गत रात्रि पुराना बाजार निवासी केशव कुसमया जो अपने घर में ताला डालकर रिश्तेदारी में शादी में गए थे, आने पर बाहर गेट का ताला खोलकर गए तो अंदर का नजारा देख अचंभित रह गए। सभी कमरों और पेटियों के ताले टूटे थे, सभी सामान अस्त व्यस्त था। मकान मालिक के भाई डॉक्टर रामनारायण कुसमया ने चोरी की शिकायत रनेह थाना में की। पुलिस ने आवेदन लेकर कार्यवाही करने की बात कही थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन ने बताया कि सूने मकान में से चोर सोने चांदी के जेवरात के साथ नगद राशि ले गए, जो की पलंग पेटी में एक डिब्बा में रखी थी। चोरी की घटना पर हर पहलू से जांच की जा रही है, चोरी की घटना का खुलासा करने पुलिस प्रयासरत है। वहीं मकान मालिक का कहना है चोरी करने वाले किसी बच्चों के गिरोह ने घटना को अंजाम दिया है वेंटीलेशन से कम उम्र या दुबला पतला व्यक्ति ही अंदर घुस सकता है। पुलिस ने एफ आई आर का बोला था मगर पुलिस ने अभी आवेदन बस लिया है।

# किताब भारतीय शिक्षा का हुआ विमोचन



**हटा।** बुंदेलखंड की उपकाशी के युवा रचनाकार अजीत अवस्थी की ताजा प्रकाशित किताब भारतीय शिक्षाः विकल्पों का समीकरण का विमोचन किया गया। सतना के व्यंकटेश लोक में आयोजित कजरौटाः भारतीय कला महोत्सव में रविवार को हिन्दी के शीर्ष साहित्यकारों की उपस्थिति में किताब अनावृत की गई। आकार वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय कला,साहित्य और परंपरा के समागम में अंतिम दिवस पर कला और साहित्य से जुड़े कार्यक्रम अलग अलग सत्रों संपन्न हुए। साहित्यिक परिचर्चा के सत्र की शुरुआत मे अतिथियों द्वारा किताब भारतीय शिक्षा को विमोचित किया गया। किताब पर चर्चा करते हुए समीक्षक डॉक्टर सत्येंद्र शर्मा ने कहा कि साहित्य के वर्तमान कालखंड में शिक्षा जैसे गंभीर विषयों पर लिखा जाना बेहद जरूरी है। इस किताब में लेखक ने एक अच्छे विषय का चुनाव भर नहीं किया बल्कि उसे एक अलग ढंग से प्रस्तुत भी किया है। भारतीय प्राचीन शिक्षा व्यवस्था और वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर विमर्श के आसरे कुछ नए तरीके से दृष्टि डाली गई है और नवीन सुझाव भी दिए गए हैं। इस तरह की रचना लेखक के जिज्ञासु होने की ओर इशारा तो करती ही है, शिक्षा के विषय में रुचि रखने वाले पाठकों को भी पढ़ने के लिए अच्छी सामग्री उपलब्ध होती है। कार्यक्रम में उपस्थित लोकविद डॉ श्यामसुंदर दुबे ने कहा कि किताब के रचनाकार सीधे-सीधे शिक्षा की नींव से जुड़े हैं। अपने चिंतन में व्यवहारिकता पर अधिक जोर देने वाले हैं। शास्त्र के व्याकरण में बंधे जरूर है किंतु शिक्षा को लेकर कुछ अपने-अपने सपने हैं कुछ अपना चिंतन है। वे भारतीय शिक्षा प्रणाली पर भी प्रश्न चिह्न नहीं लगाते ना उसके वे आलोचक हैं। यह किताब उस नवता के पक्षधर है जो जड़ों से विकसित होकर मुक्त गगन में अपनी शाखाओं प्रशाखाओं को उन्मुक्त करती है। किताब में भारतीय शिक्षा प्रणाली पर लेखक ने लंबा विमर्श किया है, उसके विभिन्न स्थान बिंदुओं की ओर संकेत करते हुए उन्होंने इस तथ्य की प्रतिष्ठा की है कि भारतीय लोक और ग्राम्य स्तरीय जीवन से संबंधित ज्ञान विज्ञान के पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरण के साथ युगीन उपयोगिता प्रधान परिवर्तनों से संपूर्ण शिक्षा को सर्व उपयोगी और सर्वव्यापी बनाया जा सकता है। इस गरिमापूर्ण आयोजन में नव गीतकार अनूप अशेष ,पद्मश्री बाबूलाल दहिया, बनारस से विद्वान डॉ दिनेश कुशवाहा ,दिल्ली से प्रख्यात गीतकार यश मालवीय ,रेडियो जॉकी मुंबई से मोहम्मद यूनुस जी,डॉ सत्येंद्र शर्मा जी, सुषमा मुनीन्द्र,डा.प्रभाशंकर मिश्र सहित अनेक यशस्वी साहित्यकारों, पाठकों और छात्रों की मौजूदगी रही है। कार्यक्रम का संचालन बंदना अवस्थी ने किया जबकि आभार आयोजक अनामिका सिंह ने व्यक्त किया।

**लोक संस्कृति, रोजगार, स्वास्थ्य, किसान और युवा सशक्तिकरण का संगम बनेगा महोत्सवः राज्यमंत्री**

# नोहटा में नोहलेश्वर महोत्सव 5 से 15 फरवरी तक

### 5 फरवरी को सांस्कृतिक चेतना यात्रा से होगा शुभारंभ

**दमोह।** नोहलेश्वर मंदिर परिसर, नोहटा जिला दमोह में 05 फरवरी से 15 फरवरी तक 10 दिवसीय नोहलेश्वर महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और विकासात्मक गतिविधियों का अनूठा संगम होगा। इस आशय की बात संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने नोहलेश्वर महोत्सव के संबंध में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान व्यक्त की। राज्यमंत्री श्री लोधी ने बताया महोत्सव का शुभारंभ 05 फरवरी को सांस्कृतिक चेतना यात्रा से होगा। इस अवसर पर पारंपरिक बुन्देली दिवारी नृत्य सहित विभिन्न लोक नृत्यों की 70 टोलियां, लगभग 1000 कलाकारों की सहभागिता के साथ नोहटा नगर भ्रमण करते हुए महोत्सव स्थल पहुंचेंगी। दस दिवसीय महोत्सव में 1000 से 1500 स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा। इनमें एकल गायन, सामूहिक गायन, नृत्य प्रस्तुतियां शामिल होंगी। उन्होने बताया महोत्सव के साथ-साथ विशाल मेले का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें हॉट एयर बैलून,जलपरी शो, बच्चों के झूले, मौत का कुआं, स्पंजिंग जंप, मिक्की माउस, भूत बंगला, एडवेंचर स्पोर्ट्स गतिविधियां साथ ही विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी आमजन के आकर्षण का केंद्र रहेंगी।




### महोत्सव के दौरान विशेष शिविरों का आयोजन

राज्यमंत्री श्री लोधी ने बताया 06-07 फरवरी को स्वास्थ्य शिविर में 100 विशेषज्ञों की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा, जिससे लगभग बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित होंगे। 08 फरवरी को महिला सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण को लेकर विशाल महिला सम्मेलन का आयोजन होगा। 09 फरवरी को युवा संगम एवं रोजगार मेला में प्रतिष्ठित कंपनियों की सहभागिता से 2000 पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त होगा। दिव्यांग शिविर में विशेषज्ञ परीक्षण के बाद सहायक उपकरणों का वितरण होगा। 10 फरवरी को विधानसभा स्तरीय संकल्प से समाधान शिविर में विभिन्न जनसमस्याओं का समाधान किए जायेगे। 11 फरवरी को जनजातीय सम्मेलन एवं पारंपरिक खेलो का आयोजन होगा। 12 फरवरी को विशाल किसान सम्मेलन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आयोजित होगा साथ ही पशुपालन एवं कृषि यंत्र कार्यशाला एवं उन्नत खेती पर विशेषज्ञों की कार्यशाला आयोजित होगी।

पुरातत्व विभाग की संग्रहालय प्रदर्शनी एवं विभिन्न समाजों के महापुरुषों की प्रदर्शनी को भी समाहित किया जावेगा। उन्होने बताया 06 फरवरी से 15 फरवरी तक 150 स्थानीय प्रस्तुतियों एवं 11 फरवरी से 15 फरवरी तक राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त कलाकारों जैसे-कैलाश खेर, अभिलिप्सा पांडा, पुनीत इस्सर एवं ग्रुप, हरिओम पवार एवं ग्रुप, आशा वैष्णव की प्रस्तुतियाँ होगी साथ में एक दिवसीय कवि सम्मेलन रहेगा। महोत्सव एवं मेले के दौरान मध्यप्रदेश शासन के मंत्रीगण, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। महोत्सव मेला में आजीविका मिशन के साथ विभिन्न विभाग हर्बल, औषधीय, जैविक कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय के स्टॉल भी सम्मिलित रहेंगे। महोत्सव एवं मेला के दौरान ब्लड डोनेशन कैम्प भी किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

इस अवसर पर मेले के संयोजक सत्येंद्र सिंह लोधी ने मेले के आयोजन के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, मेले के संयोजक सत्येंद्र सिंह लोधी, मीडिया प्रभारी राहुल जैन मौजूद रहे।